Guest lecture on Concept of Tuberculosis in Ayurveda by Dr. GS Tomar

दिनांक 27 जुलाई 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ आयुर्विज्ञान संस्थान (आयुर्वेद कॉलेज) में रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग द्वारा "कांसेप्ट ऑफ ट्यूबरक्लोसिस इन आयुर्वेद" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया ।मुख्य अतिथि एवं व्याख्यान कर्ता डॉ. गिरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विद्यार्थियों कोट्यूबरक्लोसिस (राज्यक्ष्मा) से बचाव ,उसके लक्षण एवं कारणों पर व्याख्यान दिया । डॉ. तोमर ने बताया कि आयुर्वेद में ट्यूबरक्लोसिस -को राज्यक्ष्मा से जोड़ कर बताया गया गया है । डॉ. तोमर ने द्वितीय व्यावसायिक वर्ष के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें राज्यक्ष्मा के विभिन्न निदानों (कारणों) के बारें में पूरे विस्तृत रूप में बताया तथा ,इसके लक्षणों के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी ,इसके आयुर्वेद में वर्णित इलाज के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया।

डॉ. तोमर ने बताया की ट्यूबरक्लोसिस इस समय एक वैश्विक आपातकाल की स्थिति पैदा कर रही है ।

भारत इस समय दुनिया की तेईस

सबसे ज्यादा ट्यूबरक्लोसिस से प्रभावित देशों में प्रथम स्थान पर है ,इसलिए हमें इस बीमारी के बारे में अच्छे से जान कर इसके बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए,यह इतना घातक है की प्रति मिनट भारत में इसके कारण एक जान जा रही है ।

टीबी और एचआईवी के सह-संक्रमण ने स्थिति को और खराब कर दिया हैं।

राज्यक्ष्मा के बारे में लगभग आयुर्वेद के सभी संहिताओं में वर्णन मिलता है तथा इसके लक्षणों एवं पूर्वरूप को देख के इसकी समानता पूर्णतः ट्यूबरक्लोसिस से होती है ।

इस रोग पर प्रभावी नियंत्रण में आयुर्वेद बहुत योगदान दे सकता है।

इसके प्रबंधन में रसायन औषधियां बहुत फायदेमंद हैं।

अतिथि महोदय ने कहा की आयुर्वेद मानवता और मानव के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य(कार्यवाहक)डॉ. नवीन के., डॉ शांति भूषण , डॉ गिरिधर,डॉ विनम्र शर्मा, डॉ. संध्या पाठक, डॉ सार्वभौम आदि शिक्षक एवं सभी चरक एवं सुश्रुत बैच के विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपी कृष्णा ने अतिथि महोदय का एवं सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार ज्ञापन किया ।

कार्यक्रम का संचालन सुश्रुत बैच की छात्रा कोमल गुप्ता ने किया।


GURU GORAKSHNATH INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Faculty of Ayurveda
Department of Roga Nidana and Vikruti Vigyana organizes a guest lecture
on
Concept of Tuberculosis in Ayurveda
Date: 27 July 2024, Time : 09:00 to 10:00
Guest Speaker
Prof. (Dr.) G.S. Tomar
Former Principal,
LBSG, Ayurved College, Handiya, Prayagraj
International President of Vishwa Ayurveda Mission
आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर –273007 (उ.प्र.)
E-mail : mguniversitygkp@mgug.ac.in
Website : www.mgug.ac.in

ANTI TUBERCULAR DRUGS